दिनांकः 13.02.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय की नई इमारत और दो अन्य सरकारी भवनों वाले सेवा तीर्थ का उद्‌घाटन किया।
- राज्य सरकार निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण और अनियमितताओं की रोकथाम के लिए नियामक आयोग का गठन करेगी।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–हाल ही में हुए सभी मुक्त व्यापार समझौतों में किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।
- भीलवाड़ा जिले के गंगापुर क्षेत्र में फ्यूल पीने से चार लोगों की मृत्यु–प्रशासन ने गांव में घर–घर स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी में 'सेवा तीर्थ' और 'कर्तव्य भवन–1 तथा 2' का औपचारिक उद्‌घाटन किया। यह उनका नया कार्यालय होगा। 'सेवा तीर्थ' में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और मंत्रिमंडल सचिवालय को एकीकृत किया गया है, जबकि 'कर्तव्य भवन' परिसर में वित्त, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित होंगे। यह परिसर आधुनिक सुविधाओं और उन्नत सुरक्षा प्रणालियों से लैस है। उद्‌घाटन के बाद, प्रधानमंत्री ने जनहित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। श्री मोदी ने 'प्रधानमंत्री राहत योजना' को मंजूरी दी, जिसके तहत दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार मिल सकेगा। उन्होंने 'लखपति दीदी' योजना का लक्ष्य दोगुना करते हुए मार्च 2029 तक 6 करोड़ महिलाओं को लाभान्वित करने का नया लक्ष्य निर्धारित किया है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए न केवल राजनीतिक स्थिरता और मजबूत अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है, बल्कि स्वस्थ, शिक्षित और जिम्मेदार नागरिकों की भी जरूरत है। नई दिल्ली में सशक्त भारत के लिए कर्मयोग पर राष्ट्रव्यापी अभियान को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जनता की सक्रिय भागीदारी के बिना किसी भी राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करना कठिन है।

...................

000

प्रदेश में निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण और अनियमितताओं की रोकथाम के लिए राज्य सरकार नियामक आयोग का गठन करेगी। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आयोग का नया प्रारूप तैयार किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों को भी शामिल किया जाएगा ताकि निजी विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाया जा सके। डॉ. बैरवा ने सदन को अवगत कराया कि फर्जी डिग्रियां बांटने और अन्य अनियमितताओं की शिकायतों पर 10 निजी विश्वविद्यालयों के विरुद्ध जांच के आदेश दिए गए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा–2022 में हुई अनियमितताओं की समग्र जांच के लिए एसओजी को पत्र लिखा गया है और दोषी कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज विधानसभा में बताया कि राज्य सरकार थैलीसीमिया पीड़ितों को निःशुल्क उपचार और पेंशन की सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि भरतपुर को छोड़कर प्रदेश के सभी 6 संभाग मुख्यालयों पर डे–केयर सेंटर चल रहे

हैं, जहाँ बिना रिप्लेसमेंट के खून चढ़ाने, जांच और थैरेपी की सुविधा पूरी तरह मुफ्त है। श्री गहलोत ने जानकारी दी कि राज्य में थैलीसीमिया के 1 हजार 105 रोगियों को 1 हजार 250 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। गंभीर मरीजों के बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का भी प्रावधान है। वर्तमान में प्रदेश के 797 बच्चे इस अनुवांशिक बीमारी से प्रभावित हैं।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता के लिए बैंकों का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है। आज जयपुर के क में नाबार्ड द्वारा आयोजित 'स्टेट क्रेडिट सेमिनार' को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि कई सरकारी योजनाओं में वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है, जिसे पूरा करने में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। श्रीनिवास ने बैंकों का आह्वान किया कि वे ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के माध्यम से इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहभागी बनें। मुख्य सचिव ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले दिनों में ऋण वापस न लौटने की प्रवृत्ति में कमी आई है और ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमशीलता बढ़ी है। सेमिनार के दौरान 'स्टेट फोकस पेपर' का विमोचन भी किया गया। सेमीनार में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के बजट में कृषि और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सेमिनार में सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है ताकि बजट प्राथमिकताओं में बैंकिंग क्षेत्र का पूरा सहयोग लिया जा सके।

.....................

000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के 64वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए सभी मुक्त व्यापार समझौतों में किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। श्री चौहान ने बताया कि भारत अब चावल उत्पाद ने चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में नंबर एक उत्पादक बन गया है और भारतीय गेहूं की किस्में भी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में कृषि के बुनियादी ढांचे में सुधार से किसानों को बहुत फायदा हुआ है।

................

000

भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में खाना गर्म करने वाले रसायन को शराब समझकर पीने से चार लोगों की मृत्यु हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं हैं। पुलिस के अनुसार, आलोली गांव के रहने वाले ये लोग एक शादी समारोह में काम करने के बाद घर लौटे थे, जहाँ उन्होंने रसायन का सेवन कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव मौके पर पहुँचे। जिला कलेक्टर ने गांव में घर–घर स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संबंधित रसायन की बोतल जब्त कर ली गई है और आपूर्ति करने वाली दुकान की जांच की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक–एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है।

000

हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में आज सड़क हादसे में एक महिला की मृत्यु हो गई और 35 यात्री घायल हो गये। ये दुर्घटना बस के अमरपुरा रेलवे ओवरब्रिज पर डिवाइडर से टकराने से हुआ। ये लोग बीकानेर से पीलीबंगा एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घायलों को पीलीबंगा, हनुमानगढ़ और सूरतगढ़ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज फलोदी जिले की पंचायत समिति बाप में तैनात कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में तलाशी ली। ब्यूरो की विभिन्न टीमों ने बीकानेर और फलोदी में एक साथ पांच स्थानों पर यह कार्रवाई की है। सर्च के दौरान आरोपी के पास से 75 लाख रुपये नकद, एक किलो सोना और दो किलो चांदी बरामद की गई है। इसके अलावा बीकानेर और पुनरासर में चार मकानों तथा 17 हेक्टेयर कृषि भूमि के दस्तावेज

भी मिले हैं। ब्यूरो के अनुसार, प्राथमिक जांच में कनिष्ठ सहायक के पास वैध आय की तुलना में 938 प्रतिशत अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली है। एसीबी इस मामले में ओर जांच कर रही है।

000

आज विश्व रेडियो दिवस है। 13 फरवरी 1946 को संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में ये दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम "रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता : एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं" रखी गयी है। रेडियो आज भी दूर दराज़ के क्षेत्रों में जानकारी का समृद्ध स्रोत बना हुआ है। जोधपुर ज़िले के मैलाणा गाँव के नियमित श्रोता छैलाराम मेघवाल ने रेडियो के प्रतिअपने विचार कुछ यूँ साझा किए।

...............

000

राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए रीको ने 'प्रत्यक्ष आवंटन योजना–2025' की अवधि इस साल दिसम्बर तक बढ़ा दी है। रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार आरक्षित दरों पर औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराना है। अब तक आठ चरणों में 1,548 भूखंडों के लिए 2,300 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

000